समाचार

# उद्यानों की व्यवस्थाएं चुस्त–दुरूस्त रखें–आयुक्त

## (आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने वार्ड क्र. 04 में नवनिर्मित उद्यान का किया निरीक्षण, बेहतर व्यवस्थाओं हेतु दिए आवश्यक दिशा निर्देश)



कोरबा 31 जुलाई 2021 –आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि निगम के उद्यानों की व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरूस्त रखें, उद्यानों के सौदंर्यीकरण के मद्देनजर अलग–अलग प्रजातियों के पौधों का रोपण करें, उद्यानों में स्थापित ओपनजिम व अन्य उपकरणों का नियमित संधारण करें, प्रकाश व्यवस्था व साफ–सफाई पर विशेष नजर रखें तथा उद्यानों की समुचित देखरेख निरंतर रूप से की जाए, यह सुनिश्चित करें।

आज आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा पुराने कोरबा शहर वार्ड क्र. 04 जमात खाना के समीप नवनिर्मित उद्यान का निरीक्षण किया। उन्होने उक्त उद्यान के साथ ही निगम के सभी उद्यानों की व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरूस्त रखने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। वार्ड क्र. 04 स्थित उक्त नवनिर्मित उद्यान का निरीक्षण करते हुए उन्होने उद्यान के आंतरिक भाग के सौदंर्यीकरण के मद्देनजर एक्जोरा, रायलपाम, चम्पा सहित अलग–अलग प्रजातियों के पौधों का रोपण किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने उद्यान में ओपनजिम की स्थापना, आक्सीजोन के निर्माण तथा गार्डनिंग संबंधी विभिन्न कार्यो के संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन किया। उद्यान में विद्युत संबंधी व्यवस्थाएं व रिफ्लेक्शन एवं फोकस लाईट लगाए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि निगम के सभी उद्यानों की व्यवस्थाओं पर निरंतर नजर रखें, उद्यानों की साफ–सफाई पर विशेष ध्यान दें तथा वहां पर स्थापित किए गए उपकरणों व प्रकाश व्यवस्था आदि का नियमित रूप से संधारण हों, यह सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा, जोन कमिश्नर आर.के चौबे, संपदा अधिकारी श्रीधर बनाफर, डॉ.संजय तिवारी, अशोक बनाफर, एच.आर.बघेल, गोयल सिंह विमल, भावेश यादव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।